Our Editors have reviewed papers with experts' committee, and they have checked the papers on their level best to stop furtive literature. Except it, the respective authors of the papers are responsible for originality of the papers and intensive thoughts in the papers. Nobody can republish these papers without pre-permission of the publisher.

- Chief & Executive Editor

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

SWATIDHAN INTERNATIONAL PUBLICATIONS

For Details Visit To : **www.researchjourney.net**

***Cover Photo (Source) : Internet - American President & Ex. American President**

© All rights reserved with the authors & publisher

Price : Rs. 1000/-

27	A Geographical Study of Service Centres in Western Satpura Region **Dr. Lalit Sandanshiv**	118
28	Does Emotional Intelligence Depend on Gender and Inhabitant? A Study on Secondary School Teachers **Dr. Rahul Barve**	126
	हिंदी विभाग	
29	असाध्यवीणा कविता की रचना-प्रक्रिया और संप्रेषण-प्रक्रिया **प्रो. मोहन**	131
30	भीष्म साहनी जी का 'तमस'- सांप्रदायिकता एक विकार **श्री.भूषण घरत, डॉ.उद्धव भंडारे**	136
31	उषा प्रियंवदा के कथा साहित्य में नारी चिंतन **अनिता देवी**	141
32	हिन्दी उपन्यासों में नट जनजाति एवं उनका लोक-जीवन **डॉ. जयंतिलाल बारीस**	145
33	भारत के प्रसार मध्यामो में हिंदी की स्थिती तथा हिंदी की वेबसाईट **डॉ.बेबी खिलारे**	153
34	समकालीन कविता की चिन्ता **डॉ. महेंद्रसिंह पवार**	156
35	स्त्री कविता में स्त्री **डॉ. संतोष पवार**	160
36	'पचपन खंभे लाल दीवारें' उपन्यास के स्त्री चरित्र **डॉ. नामदेव एमेकर**	165
37	भाषा का उद्धव और विकास **डॉ. विजय कुमार**	170
38	लोकगीत और सिनेमा **डॉ. मिनल बर्वे**	175
39	समकालीनता से तात्पर्य **डॉ. दस्तगीर एम. मुल्ला**	179
40	हिन्दी कविता में गज़ल की जरूरत **डॉ. जियाउर रहमान जाफरी**	185
41	साहित्य से समाज तक : बंद होती धड़कनें **डॉ. संतोष पवार**	191
42	मोहनदास नैमिशराय कृत 'मुक्तिपर्व' एक आलोचनात्मक दृष्टिक्षेप **श्री गोरखनाथ काथेपुरे, डॉ.मोहन चव्हाण, डॉ. जिशाऊ मोरे**	196
	मराठी विभाग	
43	कणसरी पूजा : विधीनाट्य **डॉ. अंजली मस्करेन्हस**	204
44	उखाणे : श्रद्धा आणि भावनांची जपणूक **डॉ. आर. डी. शिंदे**	209
45	आदिवासी कवितेतील समाजचित्रण **डॉ. रमाकांत कराड**	213
46	ज्ञानेश्वरांच्या पद्यग्रंथातील कथासृष्टी **डॉ. माधुरी पाटील**	220
47	पसायदान : एक आकलन (भाग एक) **डॉ. पुरुषोत्तम जुन्ने**	224
48	कालिदासाचे काव्य - एक परिप्रेक्ष्य **डॉ. विजय केसकर**	229
49	सारस्वतकार विनायक लक्ष्मण भावे यांची तुकाराम समीक्षा **प्रा. बालासाहेब कटारे**	232
50	संत साहित्यातील मुकुटमणी - संत बहेणाबाई **डॉ. प्रेमा चोपडे - लेकुरवाळे**	238
51	राष्ट्रसंत तुकडोजी महारांजांचे श्रम - संपत्तीविषयक विचार **डॉ.रेखा वडिखाये**	242
52	मराठी ऐतिहासिक चरित्रात्मक कादंबरी **डॉ. राजेंद्र थोरात**	245
53	स्त्री जीवनाची कहाणी : 'मला उद्ध्वस्त व्हायचंय' **डॉ.भाऊसाहेब गमे**	251
54	'मळयाची माती' ग्रामीण जीवनाला स्पर्श करणारा कवितासंग्रह **डॉ.आर.डी.शिंदे**	256
55	मराठी रंगभूमी आणि प्रायोगिक नाटके **डॉ. रामलीला पवार**	262
56	१८५७ च्या स्वातंत्र्यसंग्रामातील वीरांगना - एक चिंतन **डॉ. अश्विनी खापरे**	268
57	संघर्षमय जीवनाची गाथा : 'काटे वेचित चाललो' **डॉ. अजय कुळकर्णी**	272
58	कवी मिर्झा रफी अहमद बेग यांच्या काव्यातील सामाजिक जाणीवा **प्रा. पद्माकर वानखेडे**	276
59	गोपाळ गणेश आगरकरांच्या सामाजिक व राजकीय तत्त्वज्ञानाची जडणघडण **डॉ. प्रवीण चव्हाण**	282

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019),
Special Issue - 255
Peer Reviewed Journal
E-ISSN : 2348-7143
Nov. 2020

समकालीनता से तात्पर्य

डॉ. दस्तगीर एम. मुल्ला
M.A.,SLET.,Ph.D.,D.Litt.
अध्यक्ष, हिंदी विभाग तथा सहायक प्राध्यापक,
मराठा मंडल कला और वाणिज्य महाविद्यालय,
खानापुर, जिला –बेलगावी
(कर्नाटक राज्य)
मोबाइल नंबर- 87620 75786
Email :mulladm@gmail.com

साहित्य के क्षेत्र की सीमा असीम है। मनुष्य के हृदय में अन्यों को जानने और अपने कहने की जो उत्सुकता होती है वह साहित्य को जन्म देती है। यह उत्सुकता उसके अपने समय पर निर्भर रहती है। साहित्यकार अपनी समकालीन परिस्थिति से जुड़कर अपने भोगे हुए या आंखों देखे अनुभव पर साहित्य का सृजन करता है। हिंदी में समकालीन नाम आधुनिक काल के उत्तरार्ध में एक आंदोलन के रूप में आ गया जो पश्चिमी साहित्य की देन है। समकालीनता को लेकर अनेक शोध-ग्रंथों, लेखों तथा समीक्षा ग्रंथों का सृजन अनेक लेखक करते आए हैं। समकालीन जीवन दृष्टि को आज साहित्य के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। इसलिए हमारे लिए यह जानना आवश्यक है कि, समकालीन तथा समकालीनता क्या है?

वैसे तो समकालीन का सामान्य अर्थ किसी काल की वर्तमान पृष्ठभूमि से संबंधित है। समकालीन शब्द Contemporary का पर्यायवाची है। विशेष रूप से समकालीन एक ही समय, काल या अवधि में सम्मिलित होनेवाली,उसी प्रकार एक ही जीवन, अस्तित्व या काल में घटित होने वाली। हिंदी में समकालीन शब्द अंग्रेजी का पर्यायवाची है पुष्पपाल सिंह ने मनुष्य के साथ-साथ घटना को दर्शाते हुए समकालीन शब्द को इस रूप में अभिव्यक्त किया है। "उसी समय या कालखंड में होने वाली घटना या प्रवृत्ति या एक ही कालखंड में जी रहे व्यक्ति।"(1)

समकालीनता भाववाचक संज्ञा है । समकालीन के आगे 'ता' प्रत्यय लगाने से 'समकालीनता' का निर्माण होता है । यह शब्द अंग्रेजी के "Contemporarity" शब्द का पर्याय है । हिंदी साहित्य में समकालीन आंदोलन पाश्चात साहित्य से आ गया है, जिससे हिंदी के नवलेखन में यह शब्द समकालीनता के रूप में परिचित हो गया। जो समसामयिकता का समानार्थी शब्द भी है । अनेक लेखकों ने अपने पुस्तकों, शोध-ग्रंथों और लेखों में समकालीनता को विविध संदर्भों में विविध रूपों में अपनाया । लेकिन विशेष रूप से समकालीनता प्रवृत्तिमूलक या समय बोध धारणा दर्शाती है । रचनाकारों ने इसके शब्दार्थ पर महत्व न देते हुए उसे जीवन-बोध के आधार पर अपने समय बोध की समानता से जोड़ते हैं ।समसामयिकता के समानार्थी रूप में समकालीनता शब्द-प्रयोग के द्वारा अर्थ प्राप्त करता है । जिसके कारण प्रयोग-धर्मी अर्थ महत्वपूर्ण बन जाता है और व्युत्पत्तिमूलक अर्थ गौण रहता है ।

समकालीनता के अर्थ से जुड़ी अनेक परिभाषाएं अनेक विद्वानों ने अपने अपने दृष्टिकोण के अनुसार अभिव्यक्त की हैं, जो निम्न प्रकार हैं –

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

1. जगदीश नारायण श्रीवास्तव यथार्थ परिवेश को मुख्य मुद्दा बनाकर समकालीनता की परिभाषा इस प्रकार अभिव्यक्त की है, "समकालीनता देश-काल के बोध के साथ सक्रियता की भी पुष्टि करती है। जिस भी समय- परिवेश में हम हैं उसकी सीमाएँ और विस्तार को हम समकालीन यथार्थ द्वारा अनुभव करते हैं।"(2)
2. डॉ चंद्रशेखर समकालीन बोध को एक गतिशील प्रक्रिया मानकर समकालीनता को इस प्रकार से कहा है, "समकालीनता की प्रत्येक परिणति को समकालीन बोध के गतिमान रूप से जुड़ने के लिए एक विशेष प्रक्रिया में गुजरना पड़ता है । अनेक परिणतियाँ इस प्रक्रिया में जुड़कर समकालीन बोध का मिजाज, प्रकृति, रूप गठन निश्चित करती हैं, उसे व्यक्तित्व प्रदान करती हैं।"(3)
3. अशोक वाजपेयी ने पुरानी परंपरा से संघर्ष या विद्रोह कर वर्तमान में भविष्य की ओर अग्रसर होने के रूप में समकालीनता को परिभाषित करते हुए कहा है, "परंपरा के रचनात्मक द्वंद्व की भूमिका में ही समकालीनता न केवल अपने वर्तमान में अपेक्षित अर्थ पाती है बल्कि भविष्य की संभावना को भी खोजती रहती है। इसीमें उसे आगे चलकर अर्थवान होना है। इस प्रकार समकालीनता अपनी पहचान स्वयं देने लगती है जो अतीत के शव से मुक्ति का अपने आप में एक तसदीकसुदा हलफिया बयान है।"(4)
4. डॉ हुकुमचंद राजपाल युगीन स्थितियों के खिलाफ विद्रोह और साथ-ही-साथ व्यक्ति की विसंगतियों को समकालीनता के अंतर्गत मानकर समकालीनता को इस प्रकार परिभाषित किया है, "समकालीन बोध से अभिप्राय युगीन स्थितियों, मान्यताओं एवं विशिष्टताओं से है, जिसमें असहमति, विरोध, विद्रोह तथा क्रांति के साथ अनास्था,अविश्वास,अमर्यादा, संशय,संत्रास,ऊब,निराशा,व्यर्थता,विद्रुपता एवं विसंगति का बोध स्पष्ट होता है। युगीन परिवेश की व्यंजना इन बातों के द्वारा हुई है।"(5)
5. डॉ.नरेंद्र मोहन ने समकालीनता को ऐतिहासिक बोध के सहारे वर्तमान में अग्रसर होने के रूप में प्रकट किया है, "समकालीनता का अर्थ किसी कालखंड या दौर में व्याप्त स्थितियों और समस्याओं का चित्रणभर नहीं है, बल्कि उन्हें ऐतिहासिक अर्थ में समझना, उनके मूल स्रोत तक पहुंचना और निर्णय ले सकने का विवेक अर्जित करना है।"(6)
6. डॉ.दयानंद श्रीवास्तव ने इतिहास बोध के आधार पर समकालीनता की निरंतर परिवर्तित प्रक्रिया की पुष्टि करते हुए तथा विगत और आगत को वर्तमान से जोड़ते हुए साहित्य के संदर्भ में समकालीनता को इस प्रकार से व्यक्त किया है, "समसामयिकता इतिहास बोध की प्रक्रिया है, जो निरंतर परिवर्तित होती रहती है। अतः समसामयिकता का प्रयोग जब हम साहित्य में करते हैं तो उसका स्पष्ट अर्थ यह होता है कि, हम विगत एवं आगत दोनों से वर्तमान को जोड़ते हैं । किसी युग-विशेष में क्रियाशील जीवन-पद्धति और उस पद्धति को झेलते हुए मानव के अंतरभावों और उसकी स्थितियों का चित्रण समसामयिकता के लिए पर्याय नहीं है अपितु युग-संदर्भ को उद्वेलित या विकसित करने में विगत प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उनकी पहचान भी समसामयिकता के लिए अनिवार्य सत्य है।"(7)

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

7. सरिता कुमार ने काल-विशेष में साथ-साथ जीने तथा लिखने के साथ-साथ अपने समय वोध की स्थितियों का सामना करने के लिए कहते हुए समकालीनता के बारे में इस प्रकार से कहा है , "समकालीनता एक काल में साथ-साथ जीना और लिखना नहीं है । समकालीनता अपने काल की समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना है ।"(8)

8. राजशेखर वर्मा ने सही मूल्यों की पहचान कराते हुए समकालीनता की परिभाषा इस प्रकार दी है,"समकालीनता के सही मायने ये हैं कि, स्थितियों, व्यक्तियों एवं शक्तियों का सही-सही विश्लेषण सशक्त रूप में सामने आए । सभी प्रकार के मुखौंटो की चीरफाड़, सही स्थिति का उद्घाटन, मूल्यवान जीवन की पहचान और वैसा जीवन जीने का जीवट जिसकी समाज मांग करता है । ये ही समकालीनता की पहचान के मुख्य मुद्दे स्वीकार किए जा सकते हैं ।"

9. डॉ.विश्वंभरनाथ उपाध्याय ने समकालीनता के अंतर्गत व्यक्ति तथा उनसे जुड़ी हुई स्थितियों को मुख्य आधार मानकर समकालीनता के हर पहलू को इस प्रकार व्यक्त किया है –

"i) मैं एक सर्वातीत अस्तित्व नहीं हूं ।मेरी सत्ता, देश और काल में है । मेरी इकाई पात्रों से, कुछ पात्रों से तो विशेष रूप से, साक्षात संबंधित है। पात्र,स्थान और काल एक त्रिकोण बनाते हैं और "मैं" केंद्रस्थ एक बिंदु है। यह केंद्रस्थान स्थिर नहीं है । इस केंद्रस्थ अस्तित्व को एक निरंतर आकर्षण-विकर्षण में रहना पड़ता है।

ii) पात्र, काल और देश तीनों मिलकर एक साथ मेरे अस्तित्व पर चोट करते हैं, कभी अलग-अलग, कभी युगल बनकर ।

iii) स्वचेतना और संचेतना या संवेदनशीलता, समकालीनता की अनिवार्य शर्तें हैं । जड़ व्यक्ति अपने काल, अपने समय के व्यक्ति और प्रवृत्तियों की परवाह नहीं करता, वह एक गतिहीन मुर्छा में जीता रहता है। जड़ता या अबोधता से यह संभव है कि, वह किसी संस्कार के बल पर वर्तमान काल में रहकर भूतकाल में ही जी रहा है। अतीत जीवी भी छठी पंक्ति में आते हैं। वे अपने काल में अपनी स्थितियों और व्यवस्थाओं की स्थितियों के कष्ट से अपने को बचाए रखते हैं। भविष्य जीवी किसी सुनहले खयाल में डूबे रह सकते हैं।

iv) सचेतन समकालीन व्यक्ति का काल बोध, देश बोध, व्यक्ति और समूह बोध संग्रथित (इंटीग्रेटेड) बोध होता है। वह काल के किसी बिंदु को निरपेक्ष और अलग-अलग नहीं मानता। वर्तमान में भूत और भविष्य की स्थिति को वह समझता है, भूत में वर्तमान और भविष्य को तथा भविष्य में भूत और वर्तमान काल के प्रवाह को।

v) समकालीनता का ज्ञान काल की निरंतरता या प्रवाह और परिणतियों की संभावनाओं का ज्ञान है।

vi) समकालीनता एक काल में साथ-साथ जीना नहीं है। समकालीनता अपने काल की समस्याओं और चुनौतियों का मुकाबला करना है। समस्याओं और चुनौतियों में भी केंद्रीय महत्व रखनेवाली समस्याओं की समझ में समकालीनता उत्पन्न होती है।

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

vii) आज समकालीनता वस्तुतः स्थितियों, व्यक्तियों और शक्तियों के क्रूर विश्लेषण में ही है।

viii) मूल्यहीनता का बेलाग साक्षात्कार करना और स्वयं मूल्यवान जीवन जीना ही समकालीनता है ।

ix) यथास्थिति की चेतना को तोड़ना ही काफी नहीं है बल्कि यथास्थिति के वर्गों के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध भी समकालीनता की अनिवार्य शर्त है।

x) समकालीनता मात्र का साक्षात्कार या पतन में भागीदारी नहीं बल्कि निहित स्वार्थों के विरुद्ध उठ खड़े होने और सक्रिय संघर्ष करने में समकालीनता है ।"(10)

इस प्रकार विश्वंभरनाथ उपाध्याय ने यथार्थ चित्रण पर अधिक बल दिया है, जो काल बोध के अनुसार व्यक्ति जीवन से जुड़ा है।

10.डॉ किरण बाला ने विश्वंभरनाथ उपाध्याय की तरह ही समकालीनता को प्रकर रूप में व्यक्त करते हुए उसके स्वरूप को इस प्रकार से व्यक्त किया है –

"i) समकालीनता लोक-मंगल की भावनाओं को साकार करनेवाले प्रयत्नों में निहित होती है।

ii) समय सत्य की परख रखनेवाला व्यक्ति ही समकालीन हो सकता है। सत्य के दबावों और उसके निरंतर प्रवाहों और परिणामों से बेखबर रहकर मनुष्य जीवन-यापन तो कर सकता है, लेकिन उसकी जिंदगी और पाशविकता में बौद्धिक दृष्टि से कोई फर्क नहीं रह जाता। उसकी जिंदगी जड़ बन जाती है। किसी भी व्यक्ति में जब तक अस्तित्व बोध चैतन्य नहीं हो जाता, वह जड़ बना रहता है।

iii) समय के निरंतर प्रवाह और परिणामों की संभावनाओं के ज्ञान को ही 'समकालीनता' का ज्ञान कहा जा सकता है।

iv) समकालीनता में माननीय हित और प्रगतिशील चेतना सम्मिलित रहती है।

v) समकालीनता जन विरोधी नीतियों और कर्मों का विरोध करती है ।

vi) फैले हुए वैचारिक धुंध को फाड़कर स्वस्थ और तेज रोशनी देना ही समकालीनता है।"(11)

उपर्युक्त विभिन्न परिभाषाओं में समकालीनता की निम्नलिखित विशेषताएं परिलक्षित होती हैं -

1.समकालीनता काल और देश बोध के अनुसार सक्रिय होती रहती है।

2. समकालीनता यथार्थ परिवेश की स्थितियों की सही पहचान है।

3.समकालीनता गतिमान है और इसी की परिणित प्रक्रिया के द्वारा समकालीन बोध को निश्चित रूप में व्यक्तित्व प्राप्त होता है।

4. समकालीनता पात्र, देश और सत्ता के संचालन का कार्य करने वाली केंद्रस्थ बिंदु है।

5.समकालीनता की पहचान स्थितियों, व्यक्तियों और शक्तियों की परख में स्थित है।

6. समकालीनता के द्वारा जड़, सचेतन तथा संवेदनशील व्यक्तियों की स्थितियों की पहचान होती है।

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

7.सचेतन व्यक्ति ही अपने काल की समकालीनता की स्थिति को सही रूप में पहचान पाता है।

8.समकालीनता परंपरा से द्वंद्व करते हुए वर्तमान में भविष्य की संभावना को ढूंढते हुए आगे अग्रसर होती रहती

है।

9.समकालीनता व्यक्तियों में परिस्थिति के अनुसार चेतना जागृत कर उन्हें कार्य करने के लिए बाध्य करती है।

10. समकालीनता युगीन स्थितियों और उनसे निर्मित अनेक विसंगतियों तथा मानसिकता से पहचानी जाती है।

11. समकालीनता अनेक अंतर्विरोध,असंगतियों को दूर करने में है।

12.ऐतिहासिक बोध के सहारे किसी कालखंड की स्थिति को समझकर समस्याओं से मुक्ति पाना ही समकालीनता है।

13.समकालीनता में परंपरागत मूल्यों की रचना और परिस्थितिनुसार उन मूल्यों में परिवर्तन होकर नए मूल्यों का निर्माण होता है।

14. समकालीनता यथास्थित व्यवस्था, वर्गों तथा स्वार्थों के खिलाफ संघर्ष तथा विद्रोह कर आधुनिक रूप अपनाती है।

15. समकालीनता समाज के अनुरूप अनेक मुखौंटो का उद्घाटन कर सही स्थिति को दर्शाती है।

16.समकालीनता में अनेक समस्याओं का निर्माण और उनका समाधान निहित रहता है।

17.समकालीनता विगत और आगत दोनों को वर्तमान से जोड़ती है।

18.समकालीनता समस्याओं का सामना करना सिखाती है।

19.समकालीनता समय बोध के साहित्य के माध्यम से समस्याओं और चुनौतियों द्वारा प्रस्तुत होती है।

20.समकालीनता व्यक्ति को मूल्यहीन जीवन से निकालकर मूल्यवान जीवन जीने की राह दिखाती है।

इस प्रकार समकालीनता प्रवृत्तिमूलक या समय बोध धारणा को दर्शाती है। समकालीनता से ही काल को समझने की प्रेरणा मिलती है। और इसी प्रेरणा के द्वारा देश,व्यक्ति,समूह, व्यवस्था और वर्गों आदि स्थितियों और शक्तियों की पहचान होकर उनमें परिवर्तन की प्रतिक्रिया रहती है। इस कार्य को सचेतन व्यक्ति ही सुव्यवस्थित रूप से कर सकता है। इसी कारण वह व्यक्तियों, स्थितियों और शक्तियों को सही रूप से पहचानता है। वह अपने आंतरिक और बाह्य दबावों में अपने काल को उचित रूप में जान सकता है। बाद में इन कारणों को निपटाने का प्रयत्न करता है। इसी कारण युयुत्सा,आक्रोश, विद्रोह और क्रांति अपने काल की असम्मतियों और अंतरर्विरोधों को दूरकर उससे मुक्ति की कामना करती है। जड़ व्यक्तियों से यह कार्य असंभव है।

समकालीन परिवेश विगत और आगत दोनों से वर्तमान रूप से जुड़ा रहता है। परंपरा तथा आधुनिकता का इसमें स्थान निहित रहता है। कभी-कभी परंपरा अपना रूप दिखाती है, तो परंपरागत रूप को तोड़ने के लिए आधुनिकता अग्रसर होती रहती है। इसलिए परंपरा और आधुनिकता के बीच हमेशा द्वंद्व बना रहता है, जिसको ढोती हुई समकालीनता सक्रिय होती रहती है। समकालीनता इतिहास बोध का सहारा भी लेती है क्यों कि, इतिहास हमें यह भी दर्शाता है की हमारे संकट या दुःखों का कारण बाहरी नहीं भीतरी भी है। इन्हीं कारणों से मनुष्य वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व्यवस्था का मुख्य प्रश्न बनता है। यह व्यवस्था धीरे-धीरे कठोर बनती जाती है और इसी व्यवस्था के कारण मनुष्य अमानवीकरण, पीड़ा और मुक्ति आदि से बेचैन हो जाता है। इसलिए मनुष्य के लिए जो अहितकारी व्यवस्था है उसे तोड़ना बहुत ही जरूरी है,

Principal
Maratha Mandir's
Arts & Commerce College

जिससे मूल्यवान जीवन का अर्थ सही रूप में पनप सके। समकालीनता की प्रक्रिया गतिशील है। इस निरंतर अविराम प्रक्रिया के द्वारा काल के अनेक मुद्राओं- भंगिमाओं और मुखौंटो की सही पहचान होती है। समकालीनता परिणति के रूप में लगातार अपनी प्रासंगिकता को साबित करने की कोशिश में अपना जीवन-यापन पाती है। इसी कारण इसे निरंतर संघर्षशिल या गतिशील होना पड़ता है।

इस प्रकार उपर्युक्त समकालीनता के स्वरूप को जानने के पश्चात हम समकालीनता की परिभाषा को अर्थ में सीमित ना रखते हुए तथा उसे अधिक विस्तार न देते हुए इस प्रकार अभिव्यक्त कर सकते हैं, "एक ही समय में जो समाज, व्यक्ति का वातावरण, समस्याएं, विचारधाराएं होती हैं उनका सूक्ष्म और यथार्थ रूप से चित्रण कर उनका समाधान करना ही समकालीनता है।"

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. पुष्पपाल सिंह-समकालीन कहानी :रचना मुद्रा पृ.21 राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली प्र. सं. 1986
2. जगदीश नारायण श्रीवास्तव-समकालीन कविता पर एक बहस पृ.11चित्रलेखा प्रकाशन इलाहाबाद प्र. सं. 1978
3. डॉ चंद्रशेखर - समकालीन हिंदी नाटक कथ्य चेतना पृ.10 आत्माराम प्रकाशन नई दिल्ली प्र. सं. 1982
4. वहीं पृ.6 से उद्धृत
5. डॉ हुकुमचंद राजपाल-समकालीन बोध और धूमिल का काव्य पृ. 16कोणार्क प्रकाशन नई दिल्ली प्र. सं.1980
6. पुष्पपाल सिंह-समकालीन कहानी: रचना मुद्रा पृ.22 से उद्धृत राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली प्रथम संस्करण 1986
7. पुष्पपाल सिंह-समकालीन कहानी युगबोध का संदर्भ पृ. 84 से उद्धृत नेशनल पब्लिक सिंह हाउस नई दिल्ली प्र. सं.1986
8. सरिता कुमार-महिला कथाकारों की रचनाओं में प्रेम का स्वरूप विकास पृ.9 राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली प्र. सं.1987
9. डॉ राजशेखर वर्मा-समकालीन संवेदना और हिंदी नाटक पृ. 63 विद्या प्रकाशन कानपुर प्र. सं. 1994
10. डॉ.विश्वंभरनाथ उपाध्याय -समकालीन सिद्धांत और साहित्य पृ. 13 से 17 दी मैकमिलन कंपनी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली प्र. सं.1976
11. डॉ किरण बाला-समकालीन हिंदी कहानी और समाजवादी चेतना पृ. 9 से 12 अनुभव प्रकाशन कानपुर प्र. सं. 1988

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

Impact Factor – 6.625

E-ISSN – 2348-7143

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION'S

RESEARCH JOURNEY

International E-Research Journal

PEER REFREED & INDEXED JOURNAL

January 2021

Special Issue 258 (A)

Multidisciplinary Issue

Chief Editor -
Dr. Dhanraj T. Dhangar,
Assist. Prof. (Marathi)
MGV's Arts & Commerce College,
Yeola, Dist – Nashik [M.S.] INDIA

Executive Editors :
Dr. Tejesh Beldar, Nashikroad (English)
Dr. Gajanan Wankhede, Kinwat (Hindi)
Mrs. Bharati Sonawane, Bhusawal (Marathi)
Dr. Rajay Pawar, Goa (Konkani)

This Journal is indexed in :
- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmos Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

For Details Visit To : www.researchjourney.net

SWATIDHAN PUBLICATIONS

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) – 6.625 (2019),
Special Issue – 258 (A)
Peer Reviewed Journal
E-ISSN : 2348-7143
January 2021

Impact Factor – 6.625 E-ISSN – 2348-7143

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION'S

RESEARCH JOURNEY

International E-Research Journal

PEER REFREED & INDEXED JOURNAL

January 2021

Special Issue 258 (A)

Chief Editor -
Dr. Dhanraj T. Dhangar,
Assist. Prof. (Marathi)
MGV's Arts & Commerce College,
Yeola, Dist – Nashik [M.S.] INDIA

Executive Editors :
Dr. Tejesh Beldar, Nashikroad (English)
Dr. Gajanan Wankhede, Kinwat (Hindi)
Mrs. Bharati Sonawane, Bhusawal (Marathi)
Dr. Rajay Pawar, Goa (Konkani)

Our Editors have reviewed papers with experts' committee, and they have checked the papers on their level best to stop furtive literature. Except it, the respective authors of the papers are responsible for originality of the papers and intensive thoughts in the papers. Nobody can republish these papers without pre-permission of the publisher.

- Chief & Executive Editor

SWATIDHAN INTERNATIONAL PUBLICATIONS
For Details Visit To : **www.researchjourney.net**

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College

*Cover Photo (Source) : Internet – Kisan Aandolan Delhi against Farmer Bill 2020

© All rights reserved with the authors & publisher

Price : Rs. 1000/-

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019), Special Issue - 258 (A)
Peer Reviewed Journal
E-ISSN : 2348-7143
January 2021

Editorial Board

Chief Editor -
Dr. Dhanraj T. Dhangar,
Assist. Prof. (Marathi)
MGV's Arts & Commerce College,
Yeola, Dist – Nashik [M.S.] INDIA

Executive Editors :
Dr. Tejesh Beldar, **Nashikroad (English)**
Dr. Gajanan Wankhede, **Kinwat (Hindi)**
Mrs. Bharati Sonawane, **Bhusawal (Marathi)**
Dr. Rajay Pawar, **Goa (Konkani)**

Co-Editors -
- **Prof. Mohan S. -** Dean faculty of Arts, Delhi University, **Delhi, India**
- **Prof. Milena Brotaeva -** Head, Classical East Department, Sofia University, **Sofia, Balgeria**
- **Dr. R. S. Sarraju –** Center for Translation Studies, University of Hydeabad, **Hydrabad, India**
- **Mr.Tufail Ahmed Shaikh-** King Abdul Aziz City for Science & Technology, Riyadh, **Saudi Arabia.**
- **Dr. Anil Dongre** - Head, Deptt. of Management, North Maharashtra University, Jalgaon **[M.S.] India**
- **Dr. Shailendra Lende** - R.T.M. Nagpur University, Nagpur **[M.S.] India**
- **Dr. Dilip Pawar -** BoS Member (SPPU), Dept. of Marathi, KTHM College, Nashik. **[M.S.] India**
- **Dr. R. R. Kazi** - North Maharashtra University, Jalgaon **[M.S.] India**
- **Prof. Vinay Madgaonkar -** Dept. of Marathi, Goa University, **Goa, India**
- **Prof. Sushant Naik -** Dept. of Konkani, Govt. College, Kepe, **Goa, India**
- **Dr. G. Haresh -** Associate Professor, CSIBER, Kolhapur **[M.S.] India**
- **Dr. Munaf Shaikh** - N. M. University, Jalgaon & Visiting Faculty M. J. C. Jalgaon **[M.S.] India**
- **Dr. Sanjay Kamble** -BoS Member Hindi (Ch.SU, Kolhapur), T.K. Kolekar College, Nesari **[M.S.]**
- **Prof. Vijay Shirsath-** Nanasaheb Y. N. Chavhan College, Chalisgaon **[M.S.] India**
- **Dr. P. K. Shewale** - Vice Principal, Arts, Science, Commerce College, Harsul **[M.S.] India**
- **Dr. Ganesh Patil** - M.V.P.'s, SSSM, ASC College, Saikheda, Dist. Nashik **[M.S.] India**
- **Dr. Hitesh Brijwasi -** Librarian, K.A.K.P. Com. & Sci. College, Jalgaon **[M.S.] India**
- **Dr. Sandip Mali** - Sant Muktabai Arts & Commerce College, Muktainagar **[M.S.] India**
- **Prof. Dipak Patil** - S.S.V.P.S.'s Arts, Sci. and Com. College, Shindhkheda **[M.S.] India**

Advisory Board -
- **Dr. Marianna Kosic** - Scientific-Cultural Institute, Mandala, **Trieste, Italy.**
- **Dr. M.S. Pagare -** Director, School of Languages Studies, North Maharashtra University, Jalgaon
- **Dr. R. P. Singh** -HoD, English & European Languages, University of Lucknow **[U.P.] India**
- **Dr. S. M. Tadkodkar** - Rtd. Professor & Head, Dept. of Marathi, Goa University, **Goa, India.**
- **Dr. Pruthwiraj Taur -** Chairman, BoS., Marathi, S.R.T. University, Nanded.
- **Dr. N. V. Jayaraman** - Director at SNS group of Technical Institutions,**Coimbatore**
- **Dr. Bajarang Korde** - Savitribai Phule Pune University **Pune, [M.S.] India**
- **Dr. Leena Pandhare** - Principal, NSPM's LBRD Arts & Commerce Mahila Mahavidyalaya, Nashik Road
- **Dr. B. V. Game** - Principal, MGV's Arts and Commerce College, Yeola, Dist. Nashik.

Review Committee -
- **Dr. J. S. More** – BoS Member (SPPU), Dept. of Hindi, K.J.Somaiyya College, Kopargaon
- **Dr. S. B. Bhambar,** BoS Member Ch.SU, Kolhapur, T.K. Kolekar College, Nesari
- **Dr. Uttam V. Nile -** BoS Member (NMU, Jalgaon) P.S.G.V.P. Mandals ACS College, Shahada
- **Dr. K.T. Khairnar–** BoS Member (SPPU), Dept. of Commerce, L.V.H. College, Panchavati
- **Dr. Vandana Chaudhari** KCE's College of Education, Jalgaon
- **Dr. Sayyed Zakir Ali ,** HoD, Urdu & Arabic Languages, H. J. Thim College, Jalgaon
- **Dr. Sanjay Dhondare –** Dept. of Hindi, Abhay Womens College, Dhule
- **Dr. Amol Kategaonkar –** M.V.P.S.'s G.M.D. Arts, B.W. Commerce & Science College, Sinnar.

Published by –
© Mrs. Swati Dhanraj Sonawane, Director, Swatidhan International Publication, Yeola, Nashik
Email : swatidhanrajs@gmail.com **Website :** www.researchjourney.net **Mobile :** 9665398258

Principal
Maratha Mandal's
Arts & ... College
Khanapur

29	5th Generations of Programming Language - A Review **Er. Amarendra Kumar Chaurasia**	133
30	Xenophobia and Racial Hatred in Andre Brink's *'A Chain of Voices'* **Dr. Vijay Matkar**	144
	हिंदी विभाग	
31	आदिवासी विमर्श **डॉ. संतोष पवार**	148
32	अज्ञेय और अन्तरा **डॉ.अनुकूल सोलंकी**	154
33	वर्तमान रिश्तों की सच्चाई : 'वो तेरा घर ये मेरा घर' **डॉ. जी. एस. भोसले**	160
34	स्त्री - शिक्षा की चुनौती एवं मानवाधिकार **प्रमोद कानेकर**	164
35	संत कवि कबीर के अध्यात्म संबंधी विचार **डॉ.महेंद्रसिंग पवार**	173
36	हिंदी - मराठी नाटक : तुलनात्मक अध्ययन **डॉ. संतोष पवार**	175
37	मोहन राकेश के नाटकों में मनोविज्ञान **प्रा.सूर्यकांत आमलापुरे**	181
38	उषा राजे सक्सेना की कहानियों में भारतीय एवं पाश्चात्य परिवेश का समन्वय **डॉ.कृष्णा पाटील**	185
39	डॉ.अम्बेडकर का समाज दर्शन **डॉ.हरीश कुमार**	189
40	हलफनामे : भारतीय लघु कृषकों की व्यथा- कथा **डॉ.सन्मुख मुच्छटे**	192
41	श्री. नरेश मेहता के रेडियो नाटक **डॉ.एन.पी.नारायण शेट्टी**	195
42	सुरजपाल चौहान की कहानियों में आंबेडकरवादी संवेदना **डॉ.रविंद्र खरे**	202
43	सोना माटी उपन्यास में ग्रामीण समस्या **प्रो.देविदास बामणे**	208
44	सुधा अरोड़ा के कथा साहित्य में स्त्री-विमर्श **श्री अशोक शिंदे, डॉ. सिद्धेश्वर गायकवाड**	213
45	प्रेम का आर्थिक मूल्य **डॉ. एम. मुल्ला दस्तगीर**	217
46	रसखान के काव्य में कृष्ण और राधा के विविध रुप **डॉ. मिनल बर्वे**	221
47	सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी **डॉ. शरद कोलते**	225
48	भारत में सूर्य का स्थापत्य एवं शिल्प का पुरातात्विक विवेचन **डॉ.रामभाऊ काशीद**	229
49	मालवा कालीन कला स्थापत्य : एक अध्ययन **डॉ.राधाकृष्ण जोशी**	232
50	शेरशाह का मकबरा - सूर वंश की विरासत : एक अध्ययन **प्रा.राजकुमार चाटे**	235
	उर्दू विभाग	
51	امیر خسرو اور ہماری ادبی و ثقافتی روایات **ڈاکٹر عبدالرحیم اے۔ ملّا**	238
52	طوطیٔ ہند امیرخسرو فن و شخصیت **ڈاکٹر سید تاج الہدیٰ محمد یوسف خطیب**	241

Our Editors have reviewed papers with experts' committee, and they have checked the papers on their level best to stop furtive literature. Except it, the respective authors of the papers are responsible for originality of the papers and intensive thoughts in the papers. Nobody can republish these papers without pre-permission of the publisher.

- Chief & Executive Editor

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal
Impact Factor - (SJIF) - 6.625 (2019),
Special Issue - 258 (A)
Peer Reviewed Journal
E-ISSN : 2348-7143
January 2021

प्रेम का आर्थिक मूल्य

डॉ. दस्तगीर एम. मुल्ला
M.A.,SLET.,Ph.D.,D.Litt.
अध्यक्ष, हिंदी विभाग तथा सहायक प्राध्यापक,
मराठा मंडल कला और वाणिज्य महाविद्यालय,
खानापुर, जिला –बेलगावी (कर्नाटक राज्य)
मोबाइल नंबर- 87620 75786
Email :mulladm@gmail.com

मनुष्य के वैयक्तिक तथा सामाजिक जीवन में अर्थ को बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। भारतीय चार पुरुषार्थो में धर्म, अर्थ,काम, मोक्ष में भी अर्थ का स्थान निहित है। प्राचीन काल में इसका सानिध्य धर्म के अंतर्गत था लेकिन जैसे ही आधुनिक युग में धर्म की पकड़ शिथिल बनती गई वैसे ही अर्थ ने ही धर्म का रूप ले लिया। आज व्यक्ति के जीवन में सबसे आवश्यक तत्व अर्थ ही है। अर्थ पर ही उसकी जिंदगी का वर्तमान और भविष्य की दिशा निर्धारित होती है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात अर्थ का रूप सर्वश्रेष्ठ बनकर उभर आया। उससे पूर्व इसका सामान्य रूप बना था। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व तथा उसके पश्चात कुछ वर्षों तक सामान्य जनता ने अर्थ से जुड़े अपने जीवन से संबंधित जो सपने संजोए थे वे सपने टूटते गए। "इन सपनों को तोड़ने में युद्धों और तात्कालिक परिस्थिति ने अपनी भूमिका निभाई सन् 1962 ई. में भारत-चीन युद्ध द्वारा हमारा मोहभंग, सन् 1965 और सन् 1971 ई. के भारत-पाक युद्धों में हमारा बढ़ता मनोबल किंतु दूसरी ओर युद्धों की इस श्रंखला द्वारा हमारी पहले से कमजोर अर्थ व्यवस्था के ढांचे का पूरी तरह चरमरा, मुद्रास्फीति, महंगाई, करो का दुर्वह भरमार और फिर अकाल,अतिवृष्टि, बाढ़ आदि ने जीवन को अस्थिर बना दिया।"(1) सप्तम और अष्टम दशक तक पहुंचते-पहुंचते आज आम आदमी की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय बन गई। अनेक क्षेत्रों में अर्थ ही महत्वपूर्ण बन गया। जीवन में अभाव से व्यक्तियों में घोर निराशा उत्पन्न होने लगी। इसका क्षेत्र सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्तर से जुड़ गया। संपूर्ण समाज का ढांचा इसी पर आधारित बनने लगा। अर्थ के कारण जीवन व्यक्तिवादी बन गया। जिसके पास धन है वही समाज में प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाने लगा। पद और प्रतिष्ठा की नाप अर्थ पर ही आधारित होने लगी। इसी से इसका स्वरूप विकास बढ़ने लगा और यह आज स्त्री-पुरुष प्रेम-संबंध के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मूल्य बन गया है।।

पैसा या रुपया वैसे तो एक कागज का टुकड़ा है लेकिन अन्य कागजी टुकड़ों के मुकाबलों में इस भारतीय रिजर्व बैंक के कागजी टुकड़े को अधिक अग्रणी स्थान प्राप्त है। "रुपए के रूप, रस, गंध में कोई आकर्षण नहीं होता। जिस वेग से मनुष्य उस पर टूटते हैं, वैसे व्यक्ति भंवरे कमल पर और कौए मांस पर भी न टूटते होंगे।"(2) आज अर्थ की महत्ता सर्वव्यापक बन गई है ऐसी धारणा व्यक्ति की बन गई है। इसे पाने के लिए व्यक्ति आज अनेक अशोभनीय कार्य कर रहा है। "यदि पैसा है तो सब कुछ संभव है, वरना इसके अभाव में संभव वस्तुएं असंभव बन जाया करती हैं। व्यक्ति अधिक से अधिक अर्थोपार्जन के लिए ही नैतिक,अनैतिक, मान्य, अमान्य कार्य कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है।"(3)

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College

अर्थ मानवीय संबंधों की धुरी बन गया है। अर्थ के कारण आत्मीय संबंधों में जहर की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सबसे पहले अर्थ का असर पारिवारिक रिश्तो पर पड़ा है। पारिवारिक रिश्ते पहले भावनाओं से जुड़े रहते थे लेकिन अर्थ-तंत्र से व्यक्ति के जुड़ने के कारण इन रिश्तो में विवशता आ गई और आज अर्थ की कमी के कारण रिश्ते निभाएं नहीं जाते बल्कि ढोए जाते हैं। इसका सबसे पहले झटका माता-पिता और बच्चों को लगा है। आर्थिक कमी के कारण युवाओं को अपना विवाह करना असंभव हो गया है। जिससे पूरे परिवार के सदस्य पीड़ादायक स्थिति में अपना जीवन जीते हैं। विवाह के रिश्ते पद तथा आर्थिक प्रतिष्ठा के बल पर निश्चित किए जाते हैं। जिनके पास अधिक धन है उसके ही साथ अपने लड़कों का नाता जोड़ा जाने लगा है। युवा स्वयं अपना व्यक्तित्व रुपयोंवाली युवती से विवाह कर बना रहे हैं। माता-पिता को आर्थिक कमजोरी या गरीबी के कारण अपनी बेटियों का विवाह करना दुश्वार, चिंतादायक बन गया है। आज आर्थिक असमानता के कारण अमीरी-गरीबी की खाई और गहरी वनती जा रही है।

आधुनिक युग में पति-पत्नी के प्रेम-संबंधों के जीवन की गाड़ी विना अर्थ के ठीक ढंग से नहीं चल सकती। उन दोनों के आपसी प्रेम-संबंध का आधार अर्थ केंद्रित बन गया है। वैवाहिक संबंधों की दृढ़ता, संतोष तथा असंतोष आदि सब कुछ आर्थिक इकाई पर ही निर्भर करता है। अर्थ के अभाव में इनमें व्यर्थता,पीड़ा, निराशा, कुंठा, अजनबीपन, विघटन आ गया है। अर्थ की मानसिकता पति-पत्नी या स्त्री-पुरुष प्रेम-संबंधों में नई नैतिकता निर्माण कर रही है। आधुनिक युग में सबसे अधिक पीड़ा स्त्री-पुरुष को आर्थिक कमी के कारण हो रही है। नारी का व्यक्तित्व पद, प्रतिष्ठा, नौकरी आदि की भावना अनैतिक रास्ते को जन्म दे रही है। अर्थ के कारण पति-पत्नी के रिश्तों में त्याग और आदर्श की भावना नहीं रही। नारी आत्मनिर्भर बनने से वह अपने परंपरागत रूढ़ियों से विद्रोह करने लगी है। वैज्ञानिक प्रगति के कारण पति-पत्नी के रिश्तों में अधिक लचीलापन आ गया है। इसी वैज्ञानिक प्रगति के कारण नैतिक मानदंडों में परिवर्तन उपस्थित हो गया है। विज्ञान के आविष्कार से समाज में अर्थ-तंत्र का स्थान महत्वपूर्ण वन गया है।व्यक्ति औद्योगिक और तकनीकी की ओर आकर्षित होने लगा है। उसकी भौतिक यंत्रों को पाने की लालसा बढ़ने लगी है। इसे पाने के लिए वह बुरे रास्ते से अर्थ कमाने लगा है। भौतिक सुख और सुविधाओं की इच्छाओं ने उसकी नैतिकता को धक्का लगा दिया है और इस धक्के से दांपत्य संबंध अछूता नहीं रह पाया है। पारिवारिक जीवन को ठीक ढंग से चलाने तथा आर्थिक कमी को पूरा करने के लिए पत्नी को बाहर जाकर धन कमाना पड़ता है। जिससे उसे बाहरी परिवेश में अनेक यातनाएं सहनी पड़ती हैं।

आज युवा नारियों को आर्थिक विवशता का बोझ ढोना पड़ रहा है। पारिवारिक आर्थिक कमजोरी ने उन पर यह बोझ डाल दिया है। यही बोझ उन्हें विवाह जैसे आनंदमय जीवन से अलग कर देता है। "युवा नारियां भी उत्तरदायित्व के बोझ से दबी हैं या परिवार की चिंता से ग्रस्त हैं और परिणय-सूत्र में बंध नहीं पाती है।"(4) आज ऐसी अनेक नारियां एक ओर पारिवारिक आर्थिक अभाव के कारण अविवाहित हैं तो दूसरी ओर वैयक्तिक कारणों से अविवाहित हैं। यह वैयक्तिक कारण अर्थ ही है। अर्थ के आधार पर अनेक नारियां अपनी प्रतिष्ठा बनाने में लगी रहती हैं। यह प्रतिष्ठा बनाते-बनाते उनकी विवाह की उम्र ढलने लगती है और उनके लिए मनचाहे ढंग का जीवन साथी न मिल पाने से कुंठाग्रस्त स्थिति में अपना जीवन- यापन करती हैं।नारी नौकरी कर रही है इस कारण उसमें आर्थिक निर्भरता से अहं भावना बनी हुई है। इसी अहं के कारण पति-पत्नी में संघर्ष, अधिकार भाव के लिए विद्रोह, पीड़ा तथा विघटन की स्थिति निर्माण हो गई है।

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

अर्थ के आधार पर ही वर्गीय समाज की रचना हो गई है जिसे उच्चवर्ग, मध्यवर्ग और निम्नवर्ग के नाम से संबोधित किया जाता है। अर्थ के कारण उच्च वर्ग अधिक स्वच्छंदताग्रस्त बन गया है। वह अर्थ के बल पर अनेक अमानवीय कृत्य कर रहा है। उसके लिए अर्थ के बल पर नारी को पाना भी आसान हो गया है। इन लोगों के कारण प्रेम व्यावहारिकता का रूप बन गया है।आज प्रमुख व्यापारी, राजनीतिक नेता, पूंजीवादी लोग अपनी आर्थिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए प्रेम की व्यावहारिकता का उपयोग कर रहे है। इसी बीच में नारी को भोग की वस्तु बना बैठे हैं।यही प्रभाव अन्य वर्ग के लोगों पर पड़ा है और वे अपने ही आत्मीय रिश्तो को अर्थ के लिए खाई में धकेल रहे हैं । अर्थ के कारण स्त्री-पुरुष प्रेम-संबंध में नई नैतिकता का निर्माण हो रहा है।

आर्थिक कठिनाई मध्यवर्ग को अधिक सताती है। इस वर्ग के सपने उच्च बनने, सुख-सुविधाओं को प्राप्त करने के होते हैं। "आर्थिक विवशता ने मनुष्य के सपनों को क्षतिग्रस्त कर जीवन में एक निरर्थकता का एहसास भर दिया है।"(5) इसी निरर्थकता के कारण इस वर्ग के मनुष्य कुंठीत बन जाते हैं। निम्नवर्ग के लोग सपनों के बगैर अपना जीवन पेट भरने के लिए जीते रहते हैं। लेकिन अर्थ के कारण गरीब लोगों का शोषण ही अधिक किया जाता है।

प्रेम ने अर्थ के कारण स्वार्थी रूप प्राप्त कर दिया है। जिसके पास अधिक धन है उससे ही प्रेम-संबंध स्थापित किया जा रहा है। प्रेम-विवाह या प्रेम करनेवाले स्त्री-पुरुष के बीच का प्रेम-संबंध, उसकी सफलता-असफलता, सामंजस्य-असामंजस्य, उनकी वर्गीय तथा सामाजिक स्थिति आदि सब कुछ अर्थ पर ही निर्भर करती है।

बेरोजगारों के लिए अपना विवाह या प्रेम-विवाह करना भी मुश्किल हो रहा है। अर्थ के कारण आज समाज में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिसमें वेश्या समस्या प्रमुख है। वेश्या के पास हृदय है उसकी भी प्रेम करने की लालसा है लेकिन आर्थिक विवशता के कारण उसका प्रेम आत्मीय रूप प्राप्त नहीं करता है।

प्रेम का आर्थिक मूल्य आज पूंजीवादी व्यक्ति के कारण नारी को अपनी संपत्ति और गुलाम समझता है जिसके कारण नारी की प्रेममय भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। आज की नारी को अर्थ के कारण दुविधाजनक संकट में अपना जीवन-यापन करना पड़ रहा है। पुरुष आज भी उस पर अपना दबाव बनाकर रखना चाहता है, वह उसका शोषण करता है। " स्त्री का शोषण तब तक हो सकता है जब तक वह मानसिक तथा आर्थिक रूप से अपने को पुरुष की आश्रीता समझती है।जैसे ही वह आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर लेगी इस अधिकार लिप्सा के पंजे से मुक्त हो सकती है।"(6) कुछ एक नारियां आर्थिक निर्भरता तथा शिक्षा के कारण पुरुष से समानता कर रही हैं। अर्थ के कारण प्रेम, विवाह आदि के साथ नैतिक मान्यताओं में बदलाव तथा समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। आर्थिक मूल्य के कारण प्रेम हृदय के स्थान से उतरकर शरीर और स्वार्थ का स्थान प्राप्त कर लिया है। अर्थ-तंत्र को जब तक समतोल नहीं रखा जा सकता तब तक स्त्री-पुरुष प्रेम-संबंध में यह उतार-चढ़ाव की स्थिति पैदा ही होती रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची –

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College

1. डॉ.पुष्पपाल सिंह -समकालीन कहानी सोच और समझ पृ. सं. 80आत्माराम एंड संस, नईदिल्ली प्र. सं. 1986

2. आ. रामचंद्र शुक्ल-चिंतामणि भाग -1 पृ. सं. 49 सरस्वती मंदिर काशी, सवंत. 2006
3. डॉ. मंजुला गुप्ता- हिंदी उपन्यास समाज और व्यक्ति का द्वंद पृ. सं. 27सूर्य प्रकाशन, नई दिल्ली प्र. सं. 1986
4. डॉ. किरण बाला अरोड़ा -समकालीन हिंदी कहानी और समाजवादी चेतना पृ. सं. 190 अनुभव प्रकाशन, कानपुर प्र. सं. 1988
5. डॉ.पुष्पपाल सिंह-समकालीन कहानी सोच और समझ पृ. सं. 54 आत्माराम एंड संस, नई दिल्ली प्र. सं. 1986
6. डॉ विजय मोहन सिंह- आधुनिक हिंदी उपन्यासों में प्रेम की परिकल्पना पृ. सं. 235 रचना प्रकाशन, इलाहबाद प्र. सं.1972

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce C
Kha...

MAH/MUL/ 03051/2012 **ISSN :2319 9318**

आंतरविद्याशाखीय बहुभाषिक शोध पत्रिका

विद्यावार्ता™

Jan. To March 2021
Special Issue

Date of Publication
20 Feb. 2021

Chief Editor
Dr. Bapu g. Gholap
(M.A.Mar.& Pol.Sci.,B.Ed.Ph.D.NET.)

❖ **विद्यावार्ता** या आंतरविद्याशाखीय बहूभाषिक त्रैमासिकात व्यक्त झालेल्या मतांशी मालक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक सहमत असतीलच असे नाही. **न्यायक्षेत्र:बीड**

"Printed by: **Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.** Published by **Ghodke Archana Rajendra** & Printed & published at Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.,At.Post. Limbaganesh Dist,Beed -431122 (Maharashtra) and Editor **Dr. Gholap Bapu Ganpat.**

Reg.No.U74120 MH2013 PTC 251205
Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
At.Post.Limbaganesh,Tq.Dist.Beed
Pin-431126 (Maharashtra) Cell:07588057695,09850203295
harshwardhanpubli@gmail.com, vidyawarta@gmail.com
All Types Educational & Reference Book Publisher & Distributors / www.vidyawarta.com

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

... in [illegible] social science, science, commerce, linguistics [illegible] some [illegible] emerging shifts in trends and concepts and some [illegible] implications [illegible] content for future research in the field.

Editorial Board

Prof. Sayed [illegible] Peerzade
Chief Editor

Dr. [illegible]
Joint Editor

Members

Dr. A. A. [illegible]
Dr. M. G. Chodeswar
Dr. Sayed Moinullah Hussain
Dr. Azra Inamdar
Prof. Shamid Wadkar

Dr. A. M. R. [illegible]
Prof. M. A. Pasam
Dr. Saad Kaleemullah Bakhtiyar
Prof. [illegible]hussain Mujawar

Principal
Dr. A. N. Chaudhari

Indexed

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

ISSN-2319 9318

IMPACT FACTOR 7.940 IIJIF

Publisher & Owner
Archana Rajendra Ghodke
Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
At.Post.Limbaganesh, [illegible] - 431 126
(Maharashtra) [illegible] 205296
E-mail: vidyawarta@gmail.com
www.vidyawarta.com

राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, पहला संस्करण–२०१५ पृ. कवर पेज.

६) चर्चा हमारा, मैत्रेयी पुष्पा, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण २०११ पृ–४३

७) बाजार के बीच: बाजार के खिलाफ, प्रभा खेतान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण २००४ पृ. २२७

८) स्त्रीवादी विमर्श : समाज और साहित्य क्षमा शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, २००८ पृ. ९८

❑❑❑

37

दलित आत्मकथा " तिरस्कृत " का मूल्यांकन

डॉ डी.एम. मुल्ला
अध्यक्ष तथा सहायक प्राध्यापक,
हिंदी विभाग ,
मराठा मंडल कला और वाणिज्य महाविद्यालय
खानापुर, जिला–बेलगावी (कर्नाटक)

****

हिंदी साहित्य की धारा अपने को विविध विधाओं के द्वारा साहित्य क्षेत्र को सुशोभित कर रही है। विविध विधाओं के साथ–साथ आत्मकथा विधा भी अपने को स्वयं की पहचान कराने लगी हुई है। हिंदी में अनेक क्षेत्र के व्यक्तियों की आत्मकथाएं प्राप्त होती हैं। इनमें केवल देशभक्त, वैज्ञानिक, कलाकार, धार्मिक हस्तियां तथा प्रबल क्षेत्र के व्यक्तियों की आत्मकथाएं देखने को मिलती है। इन आत्मकथाओं में सर्वहारा वर्ग कहीं तो दूर ही नजर आता है। लेकिन बदलते परिस्थिति के अनुसार सर्वहारा वर्ग भी अपने अस्तित्व को पहचान में लगा हुआ है। वह अनेक दर्द, पीड़ा और कष्टों को सहते हुए शिक्षा को प्राप्त कर रहा है, जिससे उसमें भी स्वाभिमान और 'स्व' का तत्व जाग रहा है और वह अपनी पहचान आत्मकथा के द्वारा दूसरों तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है । इस सर्वहारा वर्ग के लेखकों द्वारा लिखे गए आत्मकथा को दलित अथवा सर्वहारा की आत्मकथा का रूप देकर इन आत्मकथाओं के द्वारा दलित अथवा सर्वहारा का दर्द यातना इन सबके बीच से उसका उभरता स्वरूप लोगों को प्राप्त हो रहा है। दलित लेखकों के द्वारा लिखे गए आत्मकथाओ में उनका भोगा हुआ अनुभव यथार्थ रूप में अपनी कथा को कह जाता है, जिससे दलित सर्वहारा का प्रतिनिधित्व हो

Principal
Maratha Mandal's
Arts & Commerce College
Khanapur

वह लेखक कर रहा है ऐसा साहित्य जगत हो जाता है। जिनकी आत्मकथाओं से साहित्यप्रेमी उनकी कथाओं को पढ़कर झकझोर जाते हैं।

अनेक दलित लेखकों ने अपनी आत्मकथाओं को लिखा है ,मगर हम यहां पर सूरजपाल चौहान कृत ''तिरस्कृत''आत्मकथा का मूल्यांकन करने जा रहे हैं। जिसमें लेखक का जीवन, साथ–साथ लेखक के आर्थिक, सामाजिक, उसकी जाति विशेषता को लेखक के माध्यम से ही जानने का प्रयास करेंगे।

१.जीवन वृतांत का परिचय.

लेखक सूरजपाल का जन्म अलीगढ़ के फुसावली ग्राम में २० अप्रैल १९५५ में हुआ। पिता रोहनलाल और माता अशरफियां के सर्वहारा (दलित) परिवार में लेखक का जन्म हुआ।पिता दिल्ली के निजामुद्दीन रेल्वे स्थानक पर कुली का काम किया करते थे। बीमारी की हालत में गरीब होने की वजह से इलाज न होने से मां का देहांत जल्द ही हो गया । सूरजपाल के दो भाई थे लेकिन मां के चल बसने पर वह अपने पिता के साथ दिल्ली आ गए। आर्थिक अभाव ग्रस्तता में ही लेखक का बचपन बितने लगा।

दिल्ली के खान मार्केट कि नगर निगम प्राथमिक स्कूल में सूरजपाल की शिक्षा का प्रारंभ हुआ। दिवानंद आर्य हायर सेकेंडरी स्कूल से एच. एस.सी. प्राप्त की। जातिगत परंपरा के कारण लेखक के न चाहते हुए भी ग्यारहवीं कक्षा में आते ही उनका विवाह विमल के साथ हो गया। लेखक अपने इस विवाह पद्धति को अपनी जाति, समाज की कमजोरी मानते हैं । फिर लेखक ने गोविंदपुरी के भगत सिंह कॉलेज से बी. ए. की पदवी प्राप्त की।

सूरजपाल का जीवन संवेदनशील होने के कारण यही संवेदनशीलता उन्हें साहित्य की ओर खींच लाई लेखक सूरजपाल ने साहित्य में अपने समाज की व्यथा, अभावग्रस्तता को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया। उनकी प्रमुख विधा कविता और कहानी के माध्यम से अपने उपेक्षित समाज की छवि को रखा। यही छवि उन्हें दलित लेखक का रूप प्रदान कर गई। सूरजपाल साहित्य सेवा के साथ–साथ भारत सरकार के उपक्रम एस.टी.सी. नई दिल्ली में सहायक पद से लेकर सीनियर प्रबंधक (विपणन) पद पर पहुंच गए।

लेखक का संबंध अपने समाज की बातों को रखने के साधन आकाशवाणी, पत्र–पत्रिकाओं, कहानी, कविता, लेख, संस्मरण, दूरदर्शन, राष्ट्रीय मंच आदि से जुड़ा रहा जिससे वे दलित साहित्यकार बन गए और उनके कहानी संग्रह 'हैरी कब आएगा' फिर उनका बहुआयामी ''तिरस्कृत'' आत्मकथा लोगों के सम्मुख आई जिसमें लेखक ने आर्थिक, सामाजिक आदि मुद्दों को अपनी लेखनी के माध्यम से उजागर किया। लेखक सूरजपाल का साहित्य तेलुगू, मराठी, गुजराती, उर्दू आदि अनेक भाषाओं में अनुवाद हो गया है ।

२.आर्थिक परिप्रेक्ष्य :

बेरोजगारी .

दलित समाज दूसरे उच्चवर्गीय लोगों की सेवा के लिए ही पैदा हुआ है यही धारणा समाज की बनी रही है। सवर्ण लोगों की सेवा करने में ही अपनी जिंदगी लगाता है लेकिन उसे क्या प्राप्त होता है केवल पेट के लिए रोटी मात्र वह भी बासी और जूठन मात्र न की एक अच्छासा रोजगार । लेखक सूरजपाल के पिता निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर मजदूरी करते थे। तो माता ठाकुरों के घर के मोहल्ले की साफ–सफाई का काम करती थी । लेखक भी मां की बीमारी के कारण गांववालों के घर मोहल्ला साफ किया करते थे। दलितों का घर बेरोजगारी के कारण गरीबी का त्रासदी भरा घुटन मे निकालना पड़ता। गरीबी के कारण दलित घरों में बारिश का पानी भर जाता तो कीचड़ और बदबू में जागकर रातें बितानी पड़ती जिसके कारण स्वास्थ्य बिगड़ जाता।

शिक्षा से वंचित– दलितों में परंपरा से ही गरीबी जुड़ी हुई थी जिसके कारण दलित केवल काम और पेट इन चक्की के पाटों में ही फंसा रहता।

Principal Maratha Mandal's Arts & Commerce College Khanapur

गरीबी और सामाजिक विषमता स्वरूप दलित अशिक्षित बन जाते थे । गरीबी के कारण स्कूल से दूर रहते अगर स्कूल जाते भी तो गुरु द्वारा ही जाति के ओछेपन को याद दिला दिलाकर अपमानित किया जाता। लेखक को भी इसका सामना करना पड़ा फिर भी वह गंदगी भरी जिंदगी में शिक्षा रूपी फूल को अपनी जिंदगी में अपना बैठे। गरीबी के कारण दलितों के बच्चे बुद्धिमानी होकर भी शिक्षा अधूरी छोड़ देते हैं।

आर्थिक रूप से शोषण–

सवर्ण वर्ग द्वारा दलितों का आर्थिक रूप से शोषण सदियों से चलता ही आ रहा है ऐसी लेखक की मनीषा है ।लेखक अपने गांव के अपने सर्वहारा पक्ष को ठाकुरों के यहां काम करते देखता और बदले में ठाकुर केवल रोटी और गुड़ की डली देते ।अगर दलित पसीने का मुआवजा मांगते तो उन्हें पीटने की नौबत आ जाती। लेखक अपनी जाति के लोगों को सवर्णों के शोषण के प्रति विद्रोह करने की बात भी कह डालते हैं,लेकिन उधर सवर्ण लोग ही दलित जाति के लोगों में फूट डालकर फिर से अपने कार्यों को करवाने के लिए उन्हें बाध्य करते थे। तो कभी उन्हें लालच देकर गुमराह करते थे जिसके कारण दलित उन्नति की ओर अग्रसर ही नहीं होते थे। उनकी आर्थिक विवशता ही अत्याचार, शोषण सहने पर बाध्य कर देती है ।

भूख की समस्या–

दलित पेट की आग को मिटाने के लिए मजबूरन अपमान जनक कामों में अपने को झोंक देते थे। स्वयं लेखक बचपन में अपनी मां के साथ जूठन उठाने गए थे। दलितों की हालत जानवर जैसी हो गई थी। आर्थिक अभावग्रस्तता पशु समान जीवन जीना और सामाजिक दृष्टि से अतिशुद्र बन गए थे। अन्न भी मिलता तो भरपेट नहीं, रुखा–सुखा, बचा– खुचा, जूठा, बासी और अपने परिवारों के सदस्यों के बांच बाटकर खाना और बाद में पेट भी खराब जैसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाती ।लेखक सूरजपाल चौहान भूख और हीनता का वर्णन करते हुए कहते हैं, ''जब जब वशिष्टों (सवर्णों) के घरों में शादी विवाह का कार्यक्रम होता, हमारे भंगी मोहल्ला में त्यौहार जैसा माहौल उत्पन्न हो जाता था ।ऐसा जाना ऐसा जान पड़ता था, जैसे हमारे मोहल्ले में ही किसी के यहां ब्याह– बारात हो।''(१)जब जूठन भी शादी में से लाते तो अन्न को सुखाकर बच्चों को भूख लगने पर उसे उबालकर 'लपसी' बनाकर देते थे।

३. सामाजिक परिवेश–

जाति प्रथा तथा अस्पृश्यता : सवर्ण जातियां अपने को श्रेष्ठ मानकर अपने से ही निम्न जातियों के साथ रोटी बोटी का व्यवहार नहीं करती थी ।महार,मांग,ढोंर,चमार, वाल्मीकि, जाटक. भंगी आदि जातियां हिंदू धर्म की होकर भी भिन्न जाति की श्रेणी में आकर छुआछूत का शिकार बन जाती थी। सवर्ण जाति पवित्र और निम्न जातियां अपवित्र मानी जाती । बचपन में दलितों के बच्चों को ठाकुर जातियों के बच्चों के साथ खेलने पर डांट पड़ जाती थी। लेखक के साथ भी अनेक छुआछूत के प्रसंग घटे। सवर्णों द्वारा उन्हें अनेक बार जाति का ओछापन दिखा कर अपमानित किया जाता था। स्कूल में भी जब पढ़ने जाते थे तब उन्हें पाठशाला से दूर पीपल के पेड़ के नीचे बैठने के लिए कहा जाता था। जहां से सवर्णों के मोहल्ले की गंदी नाली बहती थी । लेखक के गांव में छुआछूत का पालन कठोरता से किया जाता,जिसके कारण दालतो को पीड़ादायक परिस्थिति से गुजरना पड़ा था। लेखक सूरजपाल ''तिरस्कृत'' आत्मकथा में कहते हैं– ''इस देश में दलित जाति में जन्म लेना कितना कष्टकर व अपमानित है,यह तो वही जान सकता है जिसने इसे भोगा है।''(२) लेखक अपनी जाति के छुआछूत को तिरस्कृत आत्मकथा में अनेक जगहों पर अनेक प्रसंगों से स्पष्ट किया है । एक ठकुराइन पानी और तेल ऊपर से लेखक और उसकी पत्नी को देती थी लेकिन वही ठकुराइन का अवैध– संबंध लेखक के चाचा के साथ था तब वह ठकुराइन अपनी वासना तृप्ति के लिए छुआछूत चाचा के साथ नहीं करती थी, बाद में

Principal
Maratha Mandal's
& Commerce College

एक दोनों को नाजायज स्थिति में देख लेते हैं तब वह ठकुराइन लेखक से भी छुआछूत करना छोड़ देती है । जात, बिरादरी में इन रिश्तो को खुलकर नहीं कहा जाता लेकिन सवर्ण दूध के धुले होने का स्वांग मात्र भरते थे।

स्कूल,कॉलेज और दफ्तर में भेदभाव –लेखक को अपनी प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने तक दिल्ली में भी अपनी दलित जाति के कारण समय–समय पर अपमानित होना ही पड़ता था। उन्हें पढ़ाने वाले गुरु उन्हें शिक्षा न प्राप्त कर गली मोहल्लों की सफाई और जूते तक बना डालने का उपदेश दे डालते थे। गुरुओं को दलित का पढ़ कर जीवन में प्रगति करना पसंद नहीं था। केवल वे अपने से उच्च वर्ग और उच्च जातियों की सेवाओं में जुटे रहना ही उन्हें पसंद था। लेखक कॉलेज में पढ़ते समय अपने नाम के साथ गोत्र चौहान का उपयोग करते थे जिसके कारण उन्हें उनके सहपाठी राजपूत समझकर उनके साथ अपनी दोस्ती बनाए रखते। लेखक भी अपनी जाति को छुपाकर उनके साथ दोस्ती बनाए रखते थे ।

लेखक को नौकरी के संदर्भ में भी उच्च नीच के भेदभाव का सामना करना पड़ता था। अपनी नौकरी में किसी प्रकार की गलती करने पर उन्हें बड़े अधिकारी डांट देते इतना ही नहीं उन्हें झूठा साबित कर नौकरी से निकाल देने की बात कह देते थे। सवर्ण अधिकारियों से असहयोग और भेदभाव का सामना ही उन्हें करना पड़ता था। दलित अधिकारी भी अपने जात वालों को मदद न कर उन पर भी सवर्णों के झांसे में आकर कार्रवाई करने की बात कर डालते थे। अपने दलित अफसरों के संबंध में लेखक ने उन्हें दलित ब्राह्मण की संज्ञा दे डालते हैं। दलित दलितों के बीच उपजाति को लेकर भी जातिवाद किया जाता है। इसका चित्रण भी लेखक सूरजपाल अपनी आत्मकथा ''तिरस्कृत'' में की है। वर्तमान में जातियों में शिथिलता आई है। आधुनिक युग में इस जातिवाद के स्वरूप में कालानुरूप तब्दीली आई है । ''आज खुले तौर पर एक जाति दूसरी जाति को निम्न या हेय नहीं कहती बल्कि मन में उसी भावना को प्रश्रय देती है। प्रसंग आने पर इसे व्यक्त किया करती हैं। हम तो सबके साथ चाय पीते हैं, खाना खाते हैं ,घर बुलाते हैं आदि करना इस बात को सूचित करना होता है कि हम श्रेष्ठ हैं पर आपको साथ बिठा रहे हैं।''(३)

बाल विवाह की प्रथा :

दलित समाज शिक्षा से वंचित अशिक्षित, अज्ञानी के कारण कम उम्र में ही विवाह करने की प्रथा को अपने भीतर अपना कर चलता है। कम उम्र खेलकूद, पढ़ाई में व्यतीत करना उन्हें पता ही नहीं।कम उम्र में विवाह करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है वे नहीं जानते। न चाहते हुए भी वे अपने कम उम्र के लड़के लड़कियों को विवाह के लिए तैयार कर बाल विवाह कर डालते है। शादी विवाह उनके लिए गुड़ा गुड़ियों का खेल मात्र है। लेखक का विवाह भी ग्यारहवीं कक्षा में न चाहते हुए भी हो गया। शादी के बाद लेखक को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन्हीं समस्याओं के कारण लेखक का मन आत्महत्या करने तक का सोचता था। ससुराल के लोग नौकरी न होने के कारण उन्हें ताना तक मारते थे।इसी तरह लेखक का भाई सुनहरी तथा अपने दलित जाति के अनेक लड़के लड़कियों के बाल विवाह हो जाते हैं, जिसके फलस्वरूप उन्हें अधूरी पढ़ाई और आर्थिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

दावत का महत्व :

दलित तथा सर्वहारा समाज अपने रूढी, संस्कार,परंपरा आदि को अधिक महत्व देकर शादी–ब्याह,तेरहवां, नामकरण, जाति पंचायत का फैसला आदि को महत्व देकर मांस और शराब जैसी दावत को महत्व देकर आपस में मेल मिलाप बढ़ाते थे। लेखक उन्हें इन प्रयत्नों को त्यागने के बारे में भी कहा लेकिन लेखक की ओर बे लोग अनदेखा कर ही चलते थे केवल अपनी दावत वाली इच्छाओं की पूर्ति में लगे रहते थे।

लेखक अपनी जाति के लोगों की उन्नति

Principal Maratha Mandal's Arts & Commerce Colleg Khanapur

के लिए डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के विचारों को उनके सम्मुख रखकरउनकी प्रगति किस प्रकार से की जा सकती है इसके लिए कष्ट उठाया। इसके लिए आत्मकथा भी लिख दी। उनके हितों के लिए लड़ते रहे। महिलाओं के प्रति उत्थान का दृष्टिकोण अपनाया। निजी मूल्यों की राह पर अपने समाज को ले जाने के लिए प्रचार किया। अपने समाज की पीड़ा को दूर करने का प्रयास किया। पुराने सड़े–गले, रीति–रिवाज एवं परंपराओं, कुप्रथाओं को त्यागने की शक्ति डॉ. अंबेडकर द्वारा कर उसे अपने समाज के उत्थान के लिए लगाया। फिर भी आज दलित समाज कहीं ना कहीं अपना स्वतंत्रतामय जीवन जी नहीं पाता बल्कि कहीं तो आज भी वह राजनीतिक परिस्थिति में केवल 'वोट बैंक' का ही काम करता रहता है। समाज में भी उसके प्रति अभी भी अंदरूनी छुआछूत है और अब भी दलित शिक्षा का पूर्णतया फायदा न उठा कर स्वयं को उन्नति के शिखर पर स्थापित कर नहीं कर पा रहा है।जब वह स्वयं उन्नति के शिखर पर पहुंच जाएगा तब डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को पूरा करता हुआ नज़र आएगा।

संदर्भ ग्रंथ–

१. सूरजपाल चौहान– तिरस्कृत पृ.–१७
२. सूरजपाल चौहान – तिरस्कृत पृ.– ३०
३. डॉ संजय मुनेश्वर– हिंदी का दलित आत्मकथा साहित्य पृ.– २२०

❑❑❑

38

भारतीय किसान और चलती चाकी

प्रो. एम. ए. पीराँ
अध्यक्ष तथा सहायक प्राध्यापक,
हिंदी विभाग,
अंजुमन कला विज्ञान और वाणिज्य
महाविद्यालय, विजयपुर

सूर्यनाथ सिंह द्वारा रचित उपन्यास 'चलती चाकी' (२०११) किसान जीवन पर केंद्रित है। इस रचना से गुजरते पाठकों को लगता है, जैसे वे स्वयं किसानों के बीच खड़े हैं। तीसरा युद्ध पानी के लिए होगा या नहीं यह पक्का कहा तो नहीं जा सकता किंतु यह पक्का हो गया है कि, अगर पानी इसी तरह नीचे जाता रहा तो यह तय है कि लोग जरूर भूख से मरेंगे और लोगों से पहले अन्न पैदा करने वाले किसान मरने वाले हैं। पानी की यही दशा रही तो, एक दिन यह सच में होने ही वाला है । अगर व्यवस्था या सरकार को अगली पीढ़ी की थोड़ी भी चिंता है तो उसे किसानों के बारे में अब कुछ करना ही चाहिए, वरना यह भविष्यवाणी कहिए या दूरदृष्टि गलत नहीं होगी ।

